**प्रेस विज्ञप्ति**

# ईपीसीएच प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह और वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव से की मुलाकात

## निर्यात वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए निर्यात संवर्धन रणनीतियों पर चर्चा हुई

**नई दिल्ली/एनसीआर - 30 सितंबर 2025** - हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह और वस्त्र मंत्रालय की सचिव श्रीमती नीलम शमी राव से उद्योग भवन, नई दिल्ली में मुलाकात की और ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट (आईईएमएल) में आगामी 60वें आईएचजीएफ दिल्ली मेले - शरद ऋतु 2025 के लिए निमंत्रण दिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना, ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ.राकेश कुमार साथ ही ईपीसीएच के उपाध्यक्ष श्री सागर मेहता, सीओए के सदस्य एवं ईपीसीएच के पूर्व अध्यक्ष श्री रवि के. पासी, प्रमुख सदस्य निर्यातक एवं यस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विशाल अग्रवाल, ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर. के. वर्मा और ईपीसीएच के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक श्री राजेश रावत भी मौजूद रहे।

बैठक के दौरान माननीय केंद्रीय वस्त्र मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने बाजार पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता अनुपालन को मजबूत करने के लिए ईपीसीएच के निरंतर प्रयासों की सराहना की और उत्पादकता बढ़ाने, डिजाइन नवाचार और घरेलू मूल्य संवर्धन के लिए अपना दृष्टिकोण साझा किया, ताकि कारीगरों को वैश्विक बाजारों और बढ़ते घरेलू बाजार दोनों में लाभ मिल सके।

श्रीमती नीलम शमी राव ने मंत्रालय के अंतर्गत सुविधाओं का आश्वासन देते हुए, केंद्रित उत्पादों पर केंद्रित देशों में गुणवत्ता, अनुपालन, स्थिरता, नेटवर्किंग और डिजाइन-आधारित विकास पर सुसंगत दृष्टिकोण अपनाने की भी सलाह दी।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया कि "हमारी चर्चा वैश्विक हस्तशिल्प में भारत की स्थिति को मज़बूत करने के लिए व्यावहारिक समाधानों पर केंद्रित रही। हम मंत्रालय के मार्गदर्शन के लिए आभारी हैं और ऐसे गहन सहयोग की आशा करते हैं जिससे संपूर्ण हस्तशिल्प क्षेत्र को सीधा लाभ मिले।"

ईपीसीएच के महानिदेशक की भूमिका में मुख्य संरक्षक और आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ.राकेश कुमार ने कहा कि, "ईपीसीएच आईएचजीएफ दिल्ली मेले जैसे मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से बाजार विकास और खरीदारों तक पहुँच के लिए प्रतिबद्ध है। हम डिज़ाइन सहायता, स्थिरता रोडमैप और निर्यात तत्परता में निवेश जारी रखेंगे ताकि भारतीय हस्तशिल्प प्रतिस्पर्धी और भविष्य के लिए तैयार रहें। उन्होंने 3पीएल मॉडल के माध्यम से वेयरहाउसिंग सुविधा की आवश्यकता पर भी ज़ोर दिया, जो समय की मांग है और आने वाले वर्षों में निर्यात वृद्धि में सहायक होगी।"

हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) दुनिया भर के विभिन्न देशों में भारतीय हस्तशिल्प निर्यात को बढ़ावा देने और उच्च गुणवत्ता वाले हस्तशिल्प उत्पादों और सेवाओं के एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के रूप में विदेशों में भारत की छवि और होम,लाइफस्टाइल, टेक्स्टाइल, फर्नीचर और फैशन जूलरी ऐंड एक्सेसरीज प्रॉडक्ट के उत्पादन में लगे क्राफ्ट क्लस्टर के लाखों कारीगरों और शिल्पकारों के प्रतिभाशाली हाथों के जादू की ब्रांड इमेज बनाने के लिए जिम्मेदार एक नोडल संस्थान है। इस अवसर पर ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक श्री आर के वर्मा ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान हस्तशिल्प का कुल निर्यात 33,123 करोड़ रुपये (3,918 मिलियन डॉलर) रहा।

-------------------------------------------------------------------------------------------------------

**अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:**
श्री आर. के. वर्मा, कार्यकारी निदेशक ईपीसीएच;
+91-9810697868

## Press Release

# EPCH Delegation met Shri Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Govt. of India & Smt. Neelam Shami Rao, Secretary, Ministry of Textiles

## Discussed Export Promotion Strategies to Enhance Exports Growth

**New Delhi/NCR– 30th September'2025** – An Export Promotion Council for Handicrafts (EPCH) delegation met Shri Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Government of India, and Smt. Neelam Shami Rao, Secretary, Ministry of Textiles, at Udyog Bhawan, New Delhi, to extend a formal invitation to the forthcoming 60th IHGF Delhi Fair – Autumn 2025 at India Expo Centre & Mart (IEML), Greater Noida.

The delegation was led by Dr. Neeraj Khanna, Chairman – EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor-EPCH & Chairman-IEML alongwith Shri Sagar Mehta, Vice Chairman – EPCH; Shri Ravi K. Passi, Member – CoA & Former Chairman-EPCH; Shri Vishal Agarwal, Prominent Member Exporter & National Chairman, YES; Shri R. K. Verma, Executive Director-EPCH and Shri Rajesh Rawat, Addl. Executive Director-EPCH.

During the meeting Shri Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles appreciate EPCH's continued efforts to expand market access, strengthen quality compliance and shared his vision to enhance productivity, design innovation and domestic value addition, so that artisans are benefitted both in global markets and growing home market.

Smt. Neelam Shami Rao also advised consistent approach on quality, compliance, sustainability, networking and design-led growth in focused nations on focused products while assuring facilitation within the Ministry's framework.

Dr. Neeraj Khanna, Chairman – EPCH shared that "our discussions focused on actionable solutions to reinforce India's position in global handicrafts. We are grateful for the Ministry's guidance and look forward to deeper collaboration that directly benefits entire Handicrafts sector."

Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor – EPCH and Chairman IEML, said that "EPCH remains committed to market development and buyer outreach through marketing platforms like IHGF Delhi Fair. We will continue to invest in design support, sustainability roadmaps and export readiness so that Indian handicrafts remain competitive and future-ready. He further stressed on the need for warehousing facility through 3PL model which is the need of the hour and is going to provide export growth in the years ahead."

Export Promotion Council for Handicrafts is a nodal institution for promotion of exports of handicrafts from the Country and create brand image of magic of the gifted hands of millions of craftspersons engaged in production of home, lifestyle, textiles, furniture and fashion jewellery & accessories products in different craft clusters of the Country. The overall Handicrafts exports during the year 2024-25 was Rs. 33,123 Crores (US $ 3,918 Million) informed by Shri R. K. Verma, Executive Director-EPCH.

---

**For more information please contact:**
Shri R. K. Verma, Executive Director – EPCH
+91-9810697868

Encl: Hindi, English version and photos






**Photo 1 & 2:** EPCH delegation met Shri Giriraj Singh, Hon'ble Union Minister of Textiles, Govt. of India and Smt. Neelam Shami Rao, Secretary, Ministry of Textiles, Govt. of India at Udyog Bhawan, New Delhi to invite them for the forthcoming 60th IHGF Delhi Fair Autumn'25 at IEML. The delegation was led by Dr. Neeraj Khanna, Chairman – EPCH, Dr. Rakesh Kumar, Director General in the role of Chief Mentor-EPCH & Chairman-IEML alongwith Shri Sagar Mehta, Vice Chairman – EPCH; Shri Ravi K. Passi, Member – CoA & Former Chairman-EPCH; Shri Vishal Agarwal, Prominent Member Exporter & National Chairman, YES; Shri R. K. Verma, Executive Director-EPCH and Shri Rajesh Rawat, Addl. Executive Director-EPCH at Udyog Bhawan, New Delhi.